हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 8 मई 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री


11 मनरेगा श्रमिकों को मिला 7 लाख 85 हजार मानव दिवस का ...



12 जालमपुर स्कूल का खेल मैदान कब बनेगा मिनी...




## खबर संक्षेप

### कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण के लिए आवेदन 14 तक

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा 30 दिवसीय टैली प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण युवक, युवतियों से 14 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। राशन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 5 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में जमा करना होगा।

### रत्नाबांधा में शिव महापुराण कथा व रूद्राभिषेक 16 से

**धमतरी।** पंचमुखी हनुमान नगर रत्नाबांधा में सीमांत साहू परिवार द्वारा 16 से 24 मई तक श्री शिव महापुराण कथा एवं रूद्रामहाभिषेक



का आयोजन किया गया है। 17 से 24 मई तक नारायण महाराज राधे निकुंज आश्रम जंजगिरी भिलाई भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे आरंभ होगी। इससे पहले सुबह 7 से 11 बजे तक प्रतिदिन रूद्राभिषेक होगा। 16 मई को दोपहर 3 बजे से कथास्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। भंडारा प्रतिदिन 1 बजे होगा। आयोजक भूषण साहू, माधुरी साहू, सुखचरण, रामेश्वरी, माखनलाल, जानकी, देवकुमार, बसंती, सीमांत, दिनेश्वरी, शंकरलाल, तीजिया बाई, दिव्यांशी, तन्मय, प्रीति, तेजस्वी, रीना, प्रीतम ने भक्तों से कथा का रसपान करने का आग्रह किया है।

खराब मौसम ने उड़ाई किसानों की नींद, धान को सहेजने में जुटे

# बिगड़ा मौसम, बारिश से खुले में रखा किसानों का धान भीगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार खराब मौसम ने किसानों की नींद उड़ा दी है। मंगलवार को सुबह से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। खुले में पड़े कई किसानों के धान भीग गए, वहीं खेतों में खड़ी फसल चटाई की तरह जमीन पर बिछ गई है। मौसम को देखते हुए किसान अधपके धान की भी कटाई कर रहे हैं।

पिछले दो दिन से अंचल में मौसम खराब चल रहा है। सोमवार और मंगलवार को सुबह-सुबह बारिश हुई। मंगलवार को दिनभर आसमान पर बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप का नजारा हुआ। बताया गया है कि आगे भी मौसम ऐसा ही रहेगा। उधर खराब मौसम ने किसानों की नींद उड़ा दी है। अधिकांश किसानों ने धान को सुखाने के लिए सड़क, खुले मैदान, ब्यारा सहित अन्य स्थानों पर रखा था। अचानक हुई बारिश से कई किसानों के धान भीग गए। आनन-फानन में किसानों ने धान को झिल्ली-तिरपाल आदि से ढंका। कई किसानों ने भीगते बारिश में धान को बोरों में भरा। किसान गिरधर साहू, युवराज शर्मा, छोटू सेन बताया कि इस साल वैसे भी फसल कमजोर है, बारिश से उत्पादन और कम होने की आशंका है।



### चटाई बन गई फसल

मशीनों से मिंजाई के कारण गांवों में जगह-जगह धान का ढेर नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि कई किसानों को धान सुखाने के लिए खाली जगह नहीं मिल रही है, जिसके चलते धान के पककर तैयार होने के बाद भी मिंजाई नहीं करवा रहे हैं। हवा-तूफान से उनकी फसल खेतों में चटाई की तरह बिछ गई है। ऐसे में उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। हार्वेस्टर से धान की कटाई सही ढंग से नहीं हो पाएगी।

### इसलिए हो रही परेशानी

पिछले कुछ साल से किसानों ने खेती का पैटर्न बदल दिया है। अब अधिकांश काम मशीनों से होता है। पहले ब्यारा बनाकर धान की मिंजाई की जाती थी। उसके बाद थेसर से मिंजाई का दौर चला। अब किसान हार्वेस्टर से खड़ी फसलों की कटाई-मिंजाई करवा रहे हैं। खड़ी फसल की मिंजाई से धान में नमी की मात्रा अधिक होती है, जिसे धूप में सुखाना पड़ता है। अन्यथा धान खराब हो जाता है। किसान हार्वेस्टर से मिंजाई करने के बाद धूप में सुखाने के लिए धान को खुले में रखे हुए थे। इसी दौरान बारिश हुई, जिससे नुकसान ज्यादा हुआ है।

### आगे भी रहेगा मौसम खराब

मंगलवार की सुबह 9 बजे बारिश थम गई थी। दोपहर में कुछ हद तक मौसम खुला रहा, जिसके बाद किसानों ने मिंजाई शुरू कर दी। इसके बाद शाम को फिर से मौसम खराब हो गया। साढ़े 6 बजे तेज हवाएं चलने लगीं। इसके बाद तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। इससे किसानों को दोहरा झटका लगा। बताया गया है कि आगे भी कुछ दिनों तक मौसम खराब रहेगा।

# मौसम ने ली करवट, तापमान 6 डिग्री लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### आगामी तीन दिनों तक गर्मी से राहत के आसार

मंगलवार को मौसम ने करवट ले ली है। मौसम बदलने से लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली है। मंगलवार को जिले के अधिकतम तापमान में 6 डिग्री की गिरावट आई है। आगामी 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की क्रमिक गिरावट हो सकती है।

रविवार और सोमवार को जिले का तापमान 42 डिग्री पार हो गया था। मंगलवार की सुबह आसमान पर बादल छाने तथा अंधड़ बारिश से तापमान में खासी गिरावट आ गई। शाम 7 बजे फिर गरज-चमक, तेज हवाओं के साथ हल्की मध्यम बारिश हुई।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर आंतरिक उड़ीसा से छग एवं मध्यप्रदेश होते हुए दक्षिण पूर्व स्थान तक एक द्रोणिका समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। एक अन्य द्रोणिका पूर्वी विदर्भ से तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक होते हुए तमिलनाडु तक 1.5 किमी की ऊंचाई पर मौजूद हैं। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

प्रदेश में आगामी तीनों दिनों तक अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट आ सकती है। वहीं प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहा।

# पति ने दोस्त से कराई पत्नी की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

- तितुरगहन में सड़क किनारे बोरी में मिली महिला की लाश का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



योजनाबद्ध तरीके से पति ने दोस्त से अपनी पत्नी की हत्या करा दी। पुलिस ने तितुरगहन में सड़क किनारे बोरी में महिला की लाश मिलने के मामले से पर्दा उठाते हुए आरोपी पति व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम तितुरगहन में रविवार को सड़क किनारे बोरी में एक महिला की लाश मिली थी। इसकी शिनाख्ति गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम रमतरा निवासी भेश्वरी उर्फ छोटी साहू पति खिलावन के रूप में की गई थी। वह शनिवार को धमतरी जाने के लिए रमतरा से निकली थी। इसके बाद महिला अचानक लापता हो गई थी। सनौद पुलिस ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि मृतिका खिलावन की दूसरी पत्नी है। संदेह के आधार पर पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस द्वारा कड़ाई बरतने पर संदेही पति ने अपने बयान में कहा कि वर्ष 2001 में अपनी बुआ की हत्या के मामले में सजा होने पर वह रायपुर सेन्ट्रल जेल में कैद था। इस दौरान मां-बेटी की हत्या के प्रकरण में डीसूराम साहू ग्राम रामपुर थाना भखारा निवासी भी जेल में सजा काट रहा था। इस दौरान दोनों की जान-पहचान हो गई। खिलावन 2009 में जेल से बाहर आया। वहीं डीसूराम उससे एक साल पहले जेल से छूट चुका था। जेल से छूटने के बाद खिलावन साहू खेती-मजदूरी कर रहा था। खिलावन ने शादीशुदा व बच्चे होने के बाद भी 2012 में पड़ोस में रहने वाली भेश्वरी साहू उर्फ छोटी से दूसरी शादी की। भेश्वरी की तरफ से 3 बच्चे हैं। कुछ दिन ठीक चलने के बाद खिलावन साहू व भेश्वरी के बीच लड़ाई-झगड़ा व मारपीट शुरू हो गई। इससे परेशान होकर खिलावन ने जेल में मिले दोस्त डीसूराम साहू को विश्वास में लेकर भेश्वरी की हत्या की योजना बनाई। बीमा की राशि मिलने पर आधा-आधा बांटने का लालच दिया।



मृतिका भेश्वरी

बालोद एसपी एसआर भगत के निर्देशन व एएसपी अशोक जोशी के मार्गदर्शन तथा डीएसपी राजेश जांगड़े के नेतृत्व में सनौद थाना प्रभारी निरीक्षक दुलार यादव व स्टाफ को हत्याकाण्ड का खुलासा करने में सफलता मिली है।

### रामपुर के खेत में की गई महिला की हत्या

योजना के अनुसार डीसूराम ने शनिवार को भेश्वरी को फोनकर धमतरी बुलाया। बस स्टैण्ड में महिला को उसने मोपेड में बैठाकर गांव रामपुर के अपने खेत में ले गया। इस दौरान दोनों ने शराब का सेवन किया। महिला को नशा होने पर डीसूराम ने नाक व मुंह दबाकर उसे बेहोश कर दिया। तत्पश्चात महिला के सीने में पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को यूरिया की बोरी में भरकर उसे मोपेड के सामने रख खिलावन के पास रमतरा ले जा रहा था। शव के पहुंचने पर खिलावन उसे ठिकाना लगाता, इससे पहले तितुरगहन के पास सड़क पर बड़ी संख्या में लोगों को देख डीसूराम डर के कारण शव रखी बोरी को सड़क किनारे फेंककर भाग गया। पुलिस ने आरोपी खिलावन साहू व डीूसराम साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

# पति ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या

- मेचका की घटना, चरित्र संदेह को लेकर अक्सर दोनों में होता था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चरित्र संदेह पर पति ने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी है। पुलिस आरोपी पति को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम मेचका निवासी गुंजलाल नेताम अपनी पत्नी शकुंतला नेताम उम्र 34 वर्ष व तीन बच्चों के साथ अलग रहता है। पति-पत्नी दोनों शराब पीने के आदी थे। दोनों एक-दूसरे के चरित्र पर संदेह करते थे जिसके चलते अक्सर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट होती थी। चरित्र संदेह की बात पर बीते रविवार को दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। नशे में धुत गुंजलाल ने शकुंतला से मारपीट की जिससे महिला के सिर पर चोट लगी थी। झगड़े के बाद रात्रि में शकुंतला बाजू में रह रहे सास-ससुर के घर सोने चली गई थी जहां देर रात्रि उठकर नहाने गई थी। नहाकर वापस लौटने के बाद शकुंतला फिर सो गई। बताया जाता है कि इसी बीच पति गुंजलाल शकुंतला के पास पहुंचा और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। दूसरे दिन काफी देर बाद भी शकुंतला सोकर नहीं उठी तो सास-ससुर उसे जगाने का प्रयास किया लेकिन महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना पर मेचका पुलिस घटनास्थल पहुंची। महिला की मौत संदिग्ध लगने पर पंचनामा की कार्रवाई पश्चात शव का नगरी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। शार्ट पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर मेचका पुलिस आरोपी गुंजलाल नेताम उम्र 34 वर्ष को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# देमार में पानी और बिजली का संकट

- ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सूखे तालाब को भरने के लिए बोर खनन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम देमार पेयजल तथा निस्तारी संकट से जूझ रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सूखे तालाब को भरने के लिए बोर खनन की मांग की है।

पूर्व उपसरपंच बसंत परदेशी मीनपाल, मोहनलाल, गुलाब राम, यशोदा बाई, चन्द्रहास यादव, संतराम आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत देमार की जनसंख्या 6000 है। इस बड़ी आबादी वाले गांव में 14 एकड़ का झलमला तालाब है। गर्मी में इस तालाब के सूखने से ग्रामीणों को पेयजल तथा निस्तारी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पेयजल तथा तालाब को भरने के लिए तालाबपार में बोर खनन की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से बोर खनन कराने की मांग की है।



### ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

एक अन्य आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि देमार स्थित फूलवाड़ी से लगा हुआ ट्रांसफार्मर आये दिन खराब हो जाता है। गर्मी में बिजली बंद होने तथा लो वोल्टेज के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।

# आबकारी अमले ने 20 लीटर महुआ शराब जब्त की

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि नगरी के ग्राम सियादेही जंगल में आबकारी अमला द्वारा कार्रवाई करते हुए 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इसी तरह लगभग 500 किलो महुआ लाहन जब्त कर नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्रवाई की गयी।



इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे, आबकरी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

सिरसिदा की ग्राम स्वच्छता समिति ने नवीन आंगनबाड़ी बनाने की मांग कलेक्टर से की

# सामुदायिक भवन में डेढ़ साल से लग रही आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम स्वच्छता समिति सिरसिदा ने जर्जर आंगनबाड़ी भवन के बदले नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग कलेक्टर से की है। कुरूद ब्लाक के ग्राम सिरसिदा की स्वच्छता समिति संयोजक दुलारी बाई, सचिव अम्बे बाई ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 का भवन 2022 से जर्जर हो गया है। जर्जर भवन में खतरे की आशंका के चलते डेढ़ साल से आंगनबाड़ी सामुदायिक भवन में संचालित है। सामुदायिक भवन में बच्चों के लिए कोई सुविधा नहीं है। इसकी जानकारी विभाग को कई बार दी जा चुकी है लेकिन किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समिति ने सुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन बनाने की मांग की है।



### तेज वर्षा से खंडहर दीवार से खतरा

सेवक कृषि विस्तार अधिकारी का भवन प्राथमिक पाठशाला, राशन दुकान तथा पंचायत भवन के बीच में है। तीनों तरफ से कृषि विस्तार अधिकारी का भवन घिरा होने से यह जगह नशाखोरी का अड्डा बन गया है। यहां पर छोटे-छोटे बच्चे खेलते जाते हैं। यहां पर खंडहर की दीवार है जिससे कभी भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। समिति ने कहा है कि उक्त दीवार को तोड़ा जाए। समिति ने तीस वर्षा नामक खंडहर दीवार को समतल कराने की मांग की है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


ग्राम देमार की घटना, ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के दौरान हुआ हादसा

# मजदूरों पर पलटा आयरन कोर से भरा ट्रक, एक की मौत, दूसरा घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क किनारे नाली निर्माण कर रहे मजदूरों पर कच्चे लोहे से भरा हाईस्पीड दसचकिया ट्रक पलट गया। इस घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार भखारा मार्ग के चौड़ीकरण के साथ सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य चल रहा है जिसके तहत इन दिनों ग्राम देमार में मुख्य मार्ग के किनारे 470 मीटर नाली का निर्माण किया जा रहा है। 50 मीटर तक नाली निर्माण किया जा चुका है। पश्चिम बंगाल से 7 मजदूर लाकर नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। ये मजदूर ग्राम देमार में किराये के मकान में रहकर निर्माण कार्य कर रहे हैं। रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह 7 में से 5 मजदूर नाली निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान धमतरी से रायपुर की ओर जा रहा आयरन कोर से लदा ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 0642 देमार से गुजर रहा था। निर्माण स्थल के पास सामने जा रही ट्रेक्टर को ओव्हरटेक करते तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रांग साइड में निर्माणाधीन नाली की तरफ जाकर पलट गया। ट्रक के पलटने से निर्माण कार्य कर रहे मो.सुभान पिता सीस मोहम्मद उम्र 20 वर्ष ग्राम ईस्लामपुर जिला मालदा पश्चिम बंगाल व जहांगीर आलम नीचे दब गए। इस घटना में मो. सुभान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा मजदूर घायल हो गया। सूचना पर अर्जुनी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक को उठाया। तब कहीं जाकर दोनों मजदूरों को बाहर निकाला जा सका। संजीवनी 108 की मदद से दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद मो. सुभान को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।



मृतक

अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं अर्जुनी पुलिस आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया गया है कि कंपनी द्वारा कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया था।

## खबर संक्षेप

### सेंट मेरी स्कूल में समर क्लासेस जारी

**धमतरी।** सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षकों द्वारा समर क्लासेस का आयोजन 30 मई तक किया गया है। इस समर क्लासेस में कोई भी छात्र भाग ले सकता है। छात्रों को संगीत, नृत्य फाईन आर्ट, खेल व पढ़ाई आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कक्षा सुबह सात से 10 बजे तक लग रही है। प्रशिक्षक इंदिरा गांधी कला संगीत विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित है। गीत संगीत के लिए जसप्रीत एवं गोपी मिश्रा, फाइन आर्ट आर्ट के लिए गरिमा गुप्ता, नृत्य के लिए मनप्रीत एवं विनोद, खेल के लिए टिकेश्वर एवं युगल तथा गणित विषय के लिए सूर्यकांत सिन्हा प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को पालक व शिक्षक समन्वय से हल करें : डॉ. प्रिया

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में शिक्षक पालक संवाद कार्यक्रम हुआ जिसमें लगभग 40 पालक व 60 विद्यार्थी तथा 20 शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रिया कंवर डीपीएम जिला अस्पताल धमतरी थे। डॉ. प्रिया ने बच्चों व पालकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को दूर करने के उपाय बताते हुए कहा कि परीक्षा में कम अंक आने पर निराश न हो बल्कि पूरी शक्ति व धैर्यता से अपना लक्ष्य प्राप्त करें। गजानन साहू चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति ने कहा कि मोबाइल की लत से बच्चों को दूर रखें।

## निधन

### तुषार साहू



**धमतरी।** नहरपार औद्योगिक वार्ड निवासी तुषार साहू का निधन 5 मई रविवार को हो गया। वे कुलेश्वर साहू के अनुज पुत्र थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं वार्डवासी शामिल हुए।

## निधन

### राकेश परते

**नगरी।** ग्राम दुगली निवासी राकेश परते का 7 मई को 46 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया।



वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे सुखबती परते के पति एवं हरीश, ओमप्रकाश, ईश्वर परते के पिता थे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति प्राप्त करें। पहले दिन से ही लाभ
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, रत्नाबांधा रोड, जोधपुर, धमतरी मो. 9174466336

मेघा व नारी घाट में सोमवार की रात गौण खनिज प्रभारी ने दी दबिश

# राजस्व विभाग की कार्रवाई : अवैध रेत भंडारण व परिवहन करते दो जेसीबी व 4 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर धमतरी जिले में गौण खनिज आधारित क्षेत्र से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मेघा घाट व नारी से अवैध रेत का परिवहन करते पाए जाने पर सोमवार की रात्रि 2 जेसीबी और 4 हाइवा वाहन सीज किया गया।

नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने सोमवार की रात्रि महानदी के मेघा घाट में रेड कार्रवाई की जहां से उन्होंने अवैध रेत स्टॉक पर कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन सीजी 05 एएन 4673 एवं दो हाइवा सीजी 05 एलओ 7709 एवं सीजी 07 सीएम 6258 को जब्त कर मगरलोड थाना के सुपुर्द किया। इसी क्रम में एक हाइवा वाहन सीजी 08 एव्ही 0432 को बिना पिटपास के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर उसे भी जब्त कर बिरेझर चौकी को सौंप दिया गया है।

इसी प्रकार नारी रेत खदान के पास अवैध स्टॉक में कार्रवाई करते हुए एक हाइवा सीजी 04 एन एम 6951 और एक जेसीबी सीजी 05 एएन 6599 को जब्त कर करेली बड़ी थाने के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इस कार्य में राजस्व विभाग की टीम का सहयोग रहा।

## सेनजी महराज के बताए सद्मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



- सेन समाज ने देउरपारा सिहावा में मनाई संत शिरोमणि की 724वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सेन समाज तहसील नगरी एवं बेलरगांव द्वारा महानदी के उद्गम स्थल कर्णेश्वर मंदिर परिसर ग्राम देउरपारा सिहावा में संत शिरोमणि सेन महराज की 724वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने सुबह कर्णेश्वर मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की। सेन समाज के आराध्य श्री हरि विष्णु मंदिर में मंदिर पुरोहित श्री पुरी ने मंत्रोच्चार किया। इसके बाद सेनजी महराज की जीवनयात्रा एवं उनके द्वारा दिए गए उपदेश को समाज जनों के समक्ष रखा गया। उनके बताए गए सदमार्ग में समाज को संगठित होकर चलने पर विशेष बल दिया। एक दूसरे के दुख- सुख में शामिल होकर मानव जीवन को साकार करने की बात समाज प्रमुखों द्वारा कही गई। इस दिन नगरी एवं बेलरगांव अंतर्गत स्वजातीय बंधुओं द्वारा सेलून दुकानें, गांव गंवई कार्य एवं अन्य प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखे गए।

कार्यक्रम में सेन समाज के तहसील अध्यक्ष प्रकाश सेन, सचिव देवेन्द्र सेन, सहसचिव भुनेश्वर सेन, कोषाध्यक्ष मनीष सेन, उपाध्यक्ष भगवान सेन, यक्कू सेन, संतराम सेन, संरक्षक हेमलाल सेन, उमेंद्र सेन, भरतलाल सेन, प्रतापसिंह सुरेशा, सलाहकार बनवाली राम सेन, तकेश सेन, देवानंद सेन, मोहन सुरेशा, ललित श्रीवास, कमल सेन, योगेश सेन, पप्पू सेन, हृदय सेन, हीरा सेन सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित थे।



## सिर्री क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

- हल्की बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी से थोड़ी सी राहत मिली

सिर्री क्षेत्र में 7 मई मंगलवार की सुबह से ही बादल छाए रहे। तेज धूप का असर कम देखने को मिला। शाम लगभग 6 बजे तेज हवाओं और गर्जना के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। क्षेत्र में तेज बिजली चमकने के साथ हुई हल्की बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी से थोड़ी बहुत राहत मिली। इसके साथ ही रबी फसल बोने वाले किसानों की फसल कटाई के समय इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल सकता है। तेज हवा और बारिश फसलों को खराब कर सकती है। बीते मंगलवार को सिर्री क्षेत्र में ठंडे मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत दी।

## किसानों की कड़ी मेहनत पर पढ़ी कविता

- मरौद में हुई संगवारी साहित्य समिति सिर्री की मासिक गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम मरौद में संगवारी साहित्य समिति सिर्री की मासिक गोष्ठी हुई। इस अवसर पर साहित्यिक गतिविधि और पत्रिका प्रकाशन पर चर्चा हुई।

साहित्यकारों ने गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए गीतांजलि जैसी अमर कृति पर प्रकाश डाला। पीएल मरौद ने शराबियों पर कटाक्ष किया। लुकेश साहू ने गजल पेश किया। लिखन साहू भाठागांव ने किसानों की महिमा का बखान किया। बाल कलाकार सेलिना दावना भैंसबोड़, राजू छत्तीसगढ़िया गातापार, बृजलाल दावना भैंसबोड़ ने कविता पढ़ी। चोपेश्वर गातापार ने द्रौपदी चीर हरण एवं तातूराम भैंसबोड़ ने पर्यावरण संरक्षण की बात कही। कुलेश्वर साहू गातापार ने भी गोष्ठी में अपने विचार रखे।

गोष्ठी के मुख्य आयोजक लीलाराम सिन्हा ने मतदाता जागरूकता पर कविता पढ़ी। संयोजक रामेश्वर साहू बकली ने अफसरशाही पर व्यंग्य किया। संगवारी साहित्य समिति के संयोजक रामेश्वर साहू ने बताया कि आगामी मासिक गोष्ठी ग्राम गातापार में होगी।

## हाईस्कूल मरौद में हुआ गुरु पालक संवाद





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

10वीं और 12वीं की परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों में परीक्षा परिणाम के बाद उत्पन्न तनाव को रोकने के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरौद में गुरु पालक संवाद कार्यक्रम हुआ। सरस्वती वंदना के उपरांत प्राचार्य एन. वर्मा ने बच्चों व पालकों को संबोधित तथा अल्बर्ट आइंस्टीन की कहानी सुनाकर उन्हें प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग के जागृति साहू व गीतेश साहू ने पालकों को छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करने के तरीके बताए। कार्यक्रम अधिकारी सुनील सिंह राजपूत ने स्वयं की संघर्ष भरी कहानी सुनाकर बच्चों व पालकों को अभिप्रेरित किया।

प्रथम अरोरा प्रशिक्षण संस्थान से श्री चौहान ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी जे. मगर ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक- शिक्षिकाएं, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**भूगोल विभाग में हुआ पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह**

## शिक्षा के प्रति जागरूक रहते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें : राठौर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के भूगोल विभाग में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.डीके राठौर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के प्रति हमेशा जागरूक रहते अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एमएस साहू ने विद्यार्थियों को अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात भी भूगोल विभाग से जुड़े रहने का आग्रह किया। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक अमित टण्डन ने यूजीसी नेट एवं सीजी सेट के संदर्भ में जानकारी दी। इसके बाद भूगोल परिषद के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता मॉडल निर्माण, निबंध, रंगोली , मानचित्र निर्माण एवं प्रश्न-मंच प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि भूगोल विभाग द्वारा सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को छात्र-छात्राओं के लिए विभागीय सेमीनार का आयोजन किया जाता है। इससे उनकी अभिव्यक्ति कला का विकास होता है। इस आयोजन से छात्र-छात्राओं के मन में जो डर एवं झिझक बना रहता है, वह दूर होता है। वर्ष भर आयोजित सेमीनार के परिणामों की भी घोषणा की गई, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के लिए दुर्गेश्वरी साहू एवं टेमन साहू का चयन किया गया। तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के लिए मोनिका साहू एवं ओमप्रकाश साहू का चयन किया गया। कई प्रकार की रोचक प्रतियोगिता के माध्यम से जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा सीनियर्स को विदाई दी गई।

## सॉफ्टबाल स्पर्धा के लिए ईश्वर का चयन

- बैंगलोर में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र ईश्वर कुमार का चयन आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में हुआ है। विदित हो कि माह जनवरी 2024 में नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा अभनपुर जिला रायपुर छग में सेक्टर स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था, जिसमें संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की पुरूष टीम के खिलाड़ी ईश्वर कुमार का चयन पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम के लिए हुआ है। चयन उपरांत 5 दिवसीय ट्रेनिंग कैम्प कोटा स्टेडियम रायपुर में 10 मई तक आयोजित है। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर खिलाड़ी ईश्वर कुमार 13 से 17 मई तक आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता हेतु विवि बैंगलोर में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे एवं पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डीके राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ. एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, लीना दिली, विजयकुमार, कौस्तुभ तिवारी, नरोत्तम, नीलकंठ, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस ने हर्ष व्यक्त किया है।

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने बच्चों के लिए लक्की स्टार्स समर कैंप शुरू किया

## किसी भी कार्य की सफलता के लिए एकाग्रता जरूरी : भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा ग्रीष्मावकाश में बच्चों के लिए पांच दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप का शुभारंभ किया गया। समर कैंप के प्रथम दिवस नगरी अंचल के लगभग 85 बच्चों ने शिरकत की। समर कैंप का प्रथम दिवस मैजिक आफ मेडिटेशन एवं टेलिंग स्टोरी थीम पर आधारित रहा।

लक्की स्टार्स समर कैंप का सत्र प्रातः 9 बजे शुरू हुआ। सर्वप्रथम पीतांबर ने टेलिंग स्टोरी पर चर्चा करके मन की एकाग्रता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने शिक्षाप्रद कहानियां प्रस्तुत की। कुछ बच्चों ने मोटिवेशनल पोयम भी सुनाया। इसके बाद राजयोगिनी बीके भावना बहन ने कहा कि समर कैंप एक ऐसा आयोजन है जिसमें हम कोशिश करते हैं कि बच्चों में नैतिक, शारीरिक, मानसिक गुण विकसित कर सके। कला, खेल, कहानी, मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक बदलाव ला सके जो कि उनके जीवन में सही दिशा प्रदान करें तथा व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हो। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में बौद्धिक व नैतिक मूल्यों का विकास करना है। इसके लिए मेडिटेशन की नितांत आवश्यकता है। बीके भावना बहन ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए एकाग्रता बेहद जरूरी है जो मेडिटेशन से ही प्राप्त होती है। बच्चों को मेडिटेशन का अभ्यास कराया। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निशा ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की ताली एवं मनोरंजक डांस कराया। समर कैंप 10 मई तक आयोजित रहेगा।

Pride of Dhamtari



प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं किडनी रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



| डॉ अक्षय वैद | डॉ करण सराफ | डॉ आशु जैन |
|---|---|---|
| MS,MCh, Neurosurgeon | MD,DM Nephrologist | MS,MCh, Neurosurgeon |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, भीमानगांव - 95754-57523, आंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सेलेगोंदी निवासी 40 वर्षीय श्रवण कुमार दर्रो पिता स्व. शिवलाल दर्रो ने 4 मई की रात 10 बजें से 5 मई को सुबह 6 बजें बीच खेत की ओर साजा पेड़ मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराबखोरी करते पकड़ाया

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा के पास 5 मई को दोपहर सवा 1 बजें रोड के किनारे आम जगह पर शराबखोरी करते आरोपी सारण्डा निवासी नरोत्तम यादव पिता बन्नूराम को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### दो लाख के इनामी प्लाटून नंबर 21 में सक्रिय नक्सली ने किया समर्पण

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के ग्राम कंहाईगुड़ा निवासी सक्रिय नक्सली ने जिला मुख्यालय सुकमा स्थित नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली पर शासन ने दो लाख रूपए का ईनाम घोषित कर रखा था। समर्पित नक्सली माड़ डिवीजन के प्लाटून नंबर 21 में सक्रिय था जिस पर छग शासन द्वारा 2 लाख रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ डीआईजी सुनीत कुमार राय व अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी किरण चव्हाण के निर्देश तथा एएसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा, अभिषेक वर्मा व आकाश राव गिरेपूंजे के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे नक्सलवाद उन्मूलन नीति व सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान व सुविधा व विकास से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा किए जाने वाले भेदभाव एवं स्थानीय आदिवासियों के साथ होने वाली निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में माड़ डिवीजन में सक्रिय दो लाख के ईनामी नक्सली मुचाकी जोगा प्लाटून नंबर 21 का मेंबर ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीओपी ने बताया कि ईनामी नक्सली मुचाकी जोगा को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में थाना स्टाफ कोंटा का विशेष प्रयास रहा है। जिसे शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें दी जाएगी।

रोजगार दिवस पर श्रमिकों को गांव में उत्पादकता बढ़ाने वाले अवसरों की दी जानकारी

# मनरेगा श्रमिकों को मिला 7 लाख 85 हजार मानव दिवस का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी




जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विभन्न रोजगार मूलक कार्य संचालित किये जा रहे है। इन कार्यों से जिले के 52 हजार 2 सौ 88 श्रमिकों को सीधे लाभ मिला रहा है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें योजना अतर्गत कम से कम 100 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान, रोजगार के लिए पजीकृत आवेदक को 15 दिवस में कार्य देने, अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस के रोजगार के साथ ही ग्राम में जनोपयोगी एवं उत्पादकता बढ़ाने वाली संपत्तियों के सृजन का अवसर दिये जाने की जानकारी श्रमिकों को दी गई।

सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, सिंचाई नहर नाली निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य भूमि सुधार, डबरी निर्माण कार्य, व्यक्तिगत कुआं निर्माण कार्य, पुराने जलाशय नाला सफाई एवं पुनरूद्धार कार्य, तालाब गहरीकरण एवं पचरी पिंचिंग कार्य, तालाब में इनलेट आउटलेट निर्माण कार्य, जल निकासी कच्ची नाली निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य नाडेप टंकी निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य सोकपिट निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य बकरी शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक कम्पोस्ट निर्माण कार्य, सामुदायिक नाडेप टैंक निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ट तरल प्रबंधन कार्य, प्रधानमंत्री आवास में 90 दिन मजदूरी कार्य कराये जा रहे हैं। योजना के तहत 28 लाख 43 हजार मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमिकों द्वारा 7 लाख 85 हजार मानव दिवस सृजित किया गया है। अप्रैल माह से श्रमिकों को प्रति दिवस 243 रूपये का मजदूरी भुगतान किया जा रहा है।

रोमा श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि रोजगार दिवस के आयोजन में मनरेगा से जुड़ी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर की जाने, नवीन जॉब कार्ड, लंबित मजदूरी भुगतान, कार्य मांगने सहित अन्य जानकारी से श्रमिकों को अवगत कराया जाता है, जिससे छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान और श्रमिकों को मजदूरी के लिए जिला मुख्यालय पहुंचने की जरूरत नहीं पड़ती।

# किसान सड़क पर सुखा रहे धान, दुर्घटना की आशंका



- समाजसेवियों ने तहसीलदार, थाना प्रभारी भखारा से जन जागरूकता चलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



भखारा अंचल के किसान इन दिनों गांव- गांव के मुख्य मार्ग में रबी फसल धान को सुखाने एवं धान की बोरी को रख रहे हैं। ऐसा करने से आवागमन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। समाजसेवी मोहनलाल साहू, पुरुषोत्तम निषाद, जितेन्द्र देवांगन ने बताया कि इसी वजह से बीते सप्ताह सुनील साहू पिता यशवंत साहू हंचलपुर निवासी कोर्रा-हंचलपुर मुख्य मार्ग में दुर्घटना के शिकार हो गए। सप्ताह भर इलाज के बाद उसकी मृत्यु हो गयी। इससे अन्य राहगीरों के मन में दुर्घटना को लेकर भय बना हुआ है। इसी विषय को लेकर समाजसेवियों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार व थाना प्रभारी भखारा को ज्ञापन सौंपकर किसानों में जन जागरूकता को लेकर मुनादी कराने की मांग की जिससे अन्य कोई राहगीर को नुकसान न उठाना पड़े। तहसीलदार व थाना प्रभारी भखारा ने इसे गम्भीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एक माह से गायब तीन बच्चों को पुलिस ने खोज निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम आंखीहर्रा से तीन बच्चे एक माह पहले घर से बिना बताएं गायब हो गए थे। परिजनों ने पतासाजी किया और पता नहीं चलने पर परिजनों ने दो दिन पहले पुलिस को जानकारी दिया। नरहरपुर पुलिस ने उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर टीम गठित किया और गठित टीम ने तीनों बच्चों को खोज निकाला। पुलिस ने तीनों बच्चों को परिजनों को सौपा।

जानकारी के अनुसार नरहरपुर विकासखंड के ग्राम आंखीहर्रा से एक माह पहले 3 बच्चे घर में बिना बताए कहीं चले गए। जिनके परिजनों के द्वारा आसपास रिश्तेदारों से पतासाजी करने पर भी बच्चों के नहीं मिलने पर बच्चों के परिजनों के द्वारा 6 मई को नरहरपुर थाना में जानकारी दिया। नरहरपुर थाना प्रभारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलिसेला, एएसपी मनीषा रावटे, एसडीओपी मोहसिन खान, डीएसपी अविनाश सिंह से मार्गदर्शन लेकर बच्चों की तलाश के लिए नरहरपुर थाने की एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा 24 घंटे के अंदर तीनों बच्चों को कोकन दल्लीराजहरा से कुशल बारामद कर बच्चों के परिजनों को 7 मई को सौंपा गया। नरहरपुर थाना के द्वारा इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुरेश राठौड़, एएसआई दुष्यंत दीवान, आरक्षक राजकुमार मरकाम, महिला आरक्षक जागेश्वरी कश्यप की भूमिका रही।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पलक संस्था का अभिनव प्रयास

**जगदलपुर।** महिलाओं को स्वरोजगार की योजना से जोड़कर महिला महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने शहर की पलक ब्यूटी एवं बुटीक द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था द्वारा अब तक दो सौ से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बस्तर डेव्हलपमेंट वेलफेयर सोसाईटी की संचालिका पारूल ने बताया कि संस्था द्वारा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाएं अपने घर के काम काज के बाद पार्टटाईम सिलाई कर स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकती है। पारूल ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से वह सिलाई के काम से जुड़ी है। पूर्व में कम महिलाएं संस्था में आती थी लेकिन इस समय तीन दर्जन से अधिक महिलाएं व युवतियां संस्था से जुड़ चुकी है जिन्हें निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनका मानना है कि इस काम से महिलाओं के लिए एक अतिरिक्त आय का जरिया बन जाता है ।

# खंडी नदी से भानुप्रतापपुर क्षेत्र के घर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

खण्डी नदी से भानुप्रतापपुर क्षेत्र के घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना अमृत मिशन का प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से मंगलवार को केंद्र से आई टीम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी एवं सीएमओ हेमंत नेताम ने निरीक्षण किया। इस दौरान कन्हार गांव की सरपंच लछ्मी मंडावी, उप सरपंच लक्की यदु एवं ग्रामीण मौजूद रहे। नगर में उपयोग करने के लिए भू जल आधारित पानी सप्लाई के विकल्प में खण्डी नदी के ज़रिए पानी घरों तक पहुंचाने की केंद्र शासन की अमृत मिशन योजना के तहत लगभग 301 करोड़ की लागत से नगर पंचायत द्वारा काम प्रारंभ किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार घरों तक पानी सप्लाई के लिए पाइपलाइन और कनेक्शन देने का काम किया जाएगा। अंतागढ़ रोड़ नगर स्थित खण्डी नदी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और केएल के पानी टंकी (एमबीआर) बनाई जाएगी जहां सबसे पहले पानी पहुंचता है। उसके बाद नदी से आए पानी का ट्रीटमेंट कर नगर के टंकियों के माध्यम से घरों तक पहुंचाया जाएगा। अमृत मिशन के तहत पानी सप्लाई शुरू हो जाने से बोरिंग के ज़रिए टंकी में होने वाली पानी सप्लाई बंद हो जाएगी। इससे भू जल स्तर रिचार्ज होगा और पानी की समस्या से निजात मिलेगी। खासकर गर्मी के मौसम में भी जल स्तर गिरेगा नहीं। अमृत मिशन योजना के तहत शुद्ध पेयजल घरों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगभग 301 करोड़ रुपये की लागत से यह प्लांट लगाया जायेगा। जिससे क्षेत्र वासियों को 24 घंटे पानी सप्लाई की जाएगी। इससे बिजली की भी बचत होगी। घर के ट्यूबवेल का उपयोग कम हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में भारत सरकार ने कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य पानी की आपूर्ति, सीवरेज, शहरी परिवहन, पार्क जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाएँ प्रदान करना है, ताकि सभी के लिये जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। विशेषरूप से गरीबों और वंचितों का। मिशन का फोकस बुनियादी ढाँचे के निर्माण पर है, जिसका नागरिकों को बेहतर सेवाओं के प्रावधान से सीधा संबंध है।

# 132 उपकेन्द्र सहित इंश्यूलेटर खराब होने से बिजली रही बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय में सोमवार की रात से बारिश एवं आकाशीय बिजली के चलते 132 उपकेन्द्र में 33 केव्ही ब्रेकर का वीसीबी पोल, इंश्यूलेटर, 3 डिस्क इंश्यूलेटर, 5 स्थानों में पिन इंश्यूलेटर, 7 स्थानों में वृक्षों के डगालों के विद्युत लाईन में गिरी और 5 स्थानों में लाईन का जम्फर कटा, जिससे रात से ही बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। यहां तक मंगलवार की सुबह से शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल नहीं होने से लोग परेशान रहे। वहीं दूसरी ओर रात को बिजली बंद को बहाल करने के लिए सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव, बीएस उरांव आदि कर्मचारियों के साथ जुटे रहे। मंगलवार की शाम तक बिजली बहाल कर



रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि रात से ही बिजली आना-जाना शुरू रहा।

### 48 हजार उपभोक्ताओं के लिए 24 लाईनमेन पदस्थ

बताया जा रहा है कि शहर के जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन 7 जिलों का मुख्यालय है, जिसके कारण इस जोन में विभिन्न अति महत्तवपूर्ण व्यक्तियों का निवास है। साथ ही इसमें विभिन्न राजनैतिक गतिविधियों भी होती रहती है। सात जिलों का मुख्यालय है, जिसके कारण इस दोनों जोन के अंतर्गत विभिन्न अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों का निवास स्थान है। दोनों जोन में 48 हजार उपभोक्ताओं के लिए लगभग 24 लाईनमेन पदस्थ हैं, जो पर्याप्त नहीं है। तेज अंधड़ एवं बारिश के दौरान बंद बिजली को बहाल करने में विलंब होने से लाईनमेनों को उपभोक्ताओं के आक्रोश का सामना हो रहा है।

### शिकायत पर पहुंचे कर्मी

विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर कर्मचारी रात से ही बंद बिजली को बहाल करने में मंगलवार शाम तक करते रहे।

# बेरोजगारों को लूटने वाले पर कार्रवाई करने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरके चतुर्वेदी ने आज कलेक्टर के निर्देश के बाद फर्जी नियुक्ति विज्ञापन पर बोधघाट थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि फेसबुक व साईट पर सीएमएचओ बस्तर व महारानी अस्पताल में स्टॉफ नर्स, वार्ड बॉय, डाटा ऑपरेटर, सिक्यूरिटी गार्ड आदि पदों की रिक्तियां दर्शा कर शिक्षित युवक, युवतियों से लाखों रूपये ठगी का मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। समाचार पत्रानुसार खुद को राहुल कश्यप महारानी अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के रूप में पदस्थ होने की जानकारी दी है। सीएमएचओ ने पत्र में अवगत कराया है कि स्वास्थ्य विभागातंर्गत सीएमएचओ कार्यालय जगदलपुर द्वारा इस प्रकार का कोई भी विज्ञापन भर्ती के लिए जारी नहीं किया गया है। उन्होंने दस्तावेजों के अनुसार एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने पत्र की कॉपी संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं कलेक्टर को भी भेजा है।

- कलेक्टर के आदेश पर सीएमएचओ ने एफआईआर की मांग की

खबर का असर


स्वास्थ्य विभाग में भर्ती के नाम पर बेरोजगारों से ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

फेसबुक व साइट पर सीएचएमओ बस्तर व महारानी अस्पताल में स्टाफ नर्स, वार्डब्वाय, डाटा आपरेटर, सिक्यूरिटी गार्ड के पदों का विज्ञापन देकर शिक्षित बेरोजगारों से लाखों रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को भी है, लेकिन विभागीय तौर पर शिकायत दर्ज नहीं करवाई जा रही है। वहीं रुपए डूबने के भय से ठगी के शिकार भी सामने आने से हिचकिचा रहे हैं। बस्तर में बढ़ती बेरोजगारी का फायदा कुछ मौकापरस्त लोग उठा रहे हैं। कांकेर जिले की एक पीड़िता ने स्क्रीनशाट और आनलाइन पेमेंट का ब्यौरा भेजा है। उसने बताया कि तीन माह पहले फेसबुक के माध्यम से शहर का एक युवक राहुल कश्यप संपर्क में आया था। उसने अपनी वाल में नर्स, वार्डब्वाय, अस्पताल प्रबंधक आदि पदों पर आवेदन मांगे थे। उससे संपर्क करने पर खुद को राहुल कश्यप महारानी अस्पताल में मेडिकल आफिसर होने की जानकारी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- कलेक्टर ने सीएमएचओ को कार्रवाई करने दिए निर्देश

| Post Name | Qualification | Salary |
| --- | --- | --- |
| चपरासी | 8th | Rs. 16,500/- |
| [illegible] | 10th | Rs. 21,700/- |
| ड्राइवर | 10th | Rs. 21,700/- |
| ऑपरेटर | 12th | Rs. 23,750/- |
| क्लर्क | 12th | Rs. 25,500/- |

CMHO Jagdalpur Recruitment 2023-24

सीएचएमओ को निर्देशित किया गया

मामले की जानकारी लगी है। सीएचएमओ को इस संबंध में उचित वैधानिक कार्रवाई करने व जांच करवाने कहा गया है। ऐसे भ्रामक भर्ती विज्ञापन से युवा बचें।
- के. विजय दयाराम, कलेक्टर बस्तर

### कलेक्टर के आदेश के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग

गौरतलब है कि फेसबुक व साईट में राहुल कश्यप नाम का व्यक्ति लंबे समय से फर्जी विज्ञापन जारी कर बेरोजगारों को लुट रहा है। वह खुद को मेडिकल ऑफिसर बताते हुए महारानी अस्पताल में पदस्थ होने की जानकारी भी दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में यह बात काफी समय से थी लेकिन फर्जीवाड़ा कर बेरोजगारों को लुटने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई। यह बात जब कलेक्टर के संज्ञान में पत्रकारों ने लाई और समाचार प्रकाशित किया तब स्वास्थ्य विभाग के अफसर की नींद खुली और 7 मई को थाना बोधघाट में पत्र दिया गया। हरिभूमि ने 7 मई को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

### हल्ला करने वाले नेता और संगठन भी चुप्पी साधे

बस्तर में बेरोजगारी की समस्या गंभीर रूप अख्तियार कर चुकी है। इस विषय को लेकर समय-समय पर कुछ राजनीतिक दल के नेताओं और यूनियन के द्वारा बेरोजगारों के हित में आवाज बुलंद की जाती रही है। आज जब इस विषय को हरिभूमि ने उठाया तो किसी भी नेता या संघ-संगठन ने किसी तरह का न बयान जारी किया न ही फर्जीवाड़ा के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बल्कि कांकेर की एक पीड़िता को सहयोग करने का भी साहस किसी ने नहीं दिखाया। केवल मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए बयान देना ही मकसद रह गया है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्यता से मनाने जुटे विप्र बंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों की जगन्नाथ मंदिर में रणनीति और रूपरेखा तय करने बैठक हुई। जिसमें सभी ने अपने सुझाव दिए। मुख्य रूप से 10 मई को शोभायात्रा के कार्यक्रम को भव्यता देने वरिष्ठ और युवा साथियों से राय ली गई और शोभायात्रा व बाइक रैली को कैसे भव्यता दी जाएगी

इस पर निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने इस विशेष दिवस में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सम्मिलित होने प्रचार प्रसार में ब्राह्मण बंधुओं को प्रेरित करने की बात कही। मातृ शक्तियों ने भी घर-घर पहुंच स्वजनों और सनातनियों को निमंत्रण देने का निर्णय लिया। शोभायात्रा व बाइक रैली में ज्यादा से ज्यादा



युवाओं को सम्मिलित होने शहर के विभिन्न वाडोंर् में पहुंच बनाकर युवाओं, वरिष्ठजनों, मातृ शक्ति को प्रेरित किया जाएगा। बैठक में सर्व ब्राम्हण समाज के संभागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी, मातृ शक्ति व युवा सम्मलित थे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ 11 से

**पखांजूर।** पखांजूर द्वारा स्थानीय गायत्री मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 11 मई से किया जाएगा। गायत्री परिवार के आरएस सिवाना ने बताया कि 11 मई प्रथम दिवस दोपहर 3 बजे कलश यात्रा एवं शाम 7 से 9 बजे तक गायत्री दीप महायज्ञ होगा। द्वितीय दिवस 12 मई को सुबह 6 से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ और 1 बजे से भोजन प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर पुसवन, मुंडन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे।

### जामगांव में नल कनेक्शन लगा, नहीं आ रहा पानी

**सरोना।** जिले के जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जामगांव के बस स्टैंड पर में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन तो लगाया गया है, लेकिन ग्रामीणों के घरों तक पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। ग्रामीण पेयजल के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं, इससे ग्रामीणों में भारी रोष है। ठेकेदार द्वारा पुरानी टंकी नल कनेक्शन को जोड़ दिया गया है और पाइपलाइन बिछाने में भी अनियमितता बरती है। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर जल पहुंचाने नल कनेक्शन लगाए गए। बढ़ते गर्मी ने इस योजना की पोल खोल कर रख दी है।

### हापाटोला कलपर मुठभेड़ की जांच शुरू

**पखांजूर।** जिले के छोटेबेटियां थाना अंतर्गत ग्राम हापाटोला कलपर के बीच 16 अप्रैल को जंगल पहाड़ में हुई पुलिस-माओवादी मुठभेड़ की घटना की दंडाधिकारी जांच की जा रही है, इसकी जिम्मेदारी पखांजूर अनुविभागीय अधिकारी एएस पैकरा को दी गई है। इस संबंध में जांच अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में जिस किसी व्यक्ति के पास जानकारी हो, वे लिखित या मौखिक 8 मई की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नाराज युवक ने जहर खाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत ग्राम मदले निवासी 22 वर्षीय योगेश कुमार आंचला पिता स्व.सोनूराम आंचला का मोबाइल खराब हो गया था, जिसे एक सप्ताह पहले बनवाने के लिए दिया था। घर वालों से 4 अप्रैल को मोबाइल बनवाने के लिए पैसा मांग कर रहा था। पैसा नहीं देने पर गुस्से मे आकर जहरीली दवाई का सेवन कर लिया, जिससे स्वास्थ्य खराब होने से संजीवनी 108 बुलाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### एक दिन की बारिश से पारा 15 डिग्री गिर कर पहुंचा 25.6

**जगदलपुर।** एक दिन पहले मौसम विज्ञान केंद्र का जारी पूर्वानुमान सटीक साबित हुआ। सोमवार की देर शाम से ही संभाग मुख्यालय में ठंड हवा का लक्षण दिखने लगा था। जबकि अर्ध रात्रि से भीषण वज्रपात और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश होने लगी। बैसाख में सावन जैसे बारिश का अहसास लोगों को होने लगा। एक दिन पहले सोमवार को पारा 40 डिग्री से लोग हलाकान थे। वही रात साढ़े 7 बजे के बाद मौसम में एकाएक बदलाव होने लगा। आमजनों को यह लगने लगा कि बारिश के संकेत है, इसलिए अधिकांश लोग बाजार से फटाफट खरीदारी कर घर की दौड़ लगाए। हालांकि बारिश का आगाज आधी रात एक से डेढ़ बजे से प्रारम्भ हुई। तेज अंधड़ गरज-चमक और भीषण गर्जना के साथ झमाझम बारिश होने लगी। यही कारण है कि 24 घण्टे से कम समय में ही अधिकतम तापमान 41 डिग्री से नीचे उतर 25.6 डिग्री सेल्सियस याने 15 डिग्री सेल्सियस कम होने से गर्मी से परेशान लोगों को ठंड का अहसास होने लगा।

बताया जा रहा है कि वज्रपात से आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों की मौत हुई है। राजस्व अमले के सर्वे के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। बहरहाल रात को हुई तेज अंधड़ और भारी बारिश के चलते दर्जनों पौधे धराशायी हुए। कही से कोई जनहानि की खबर नही है। लेकिन लाखों के सब्जी फसल को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान की खबर है।

राज्य शासन को भेजा गया था 5 करोड़ का प्रस्ताव, नहीं मिली स्वीकृति

# जालमपुर स्कूल का खेल मैदान कब बनेगा मिनी स्टेडियम, घोषणा हुए 10 माह बीत गए



**बारिश में भरता है पानी**

जालमपुर खेल मैदान में बारिश के दिनों में दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है जिसके बाद चौमासा में यह मैदान खेलने लायक नहीं रहता। पानी निकासी के अभाव में बारिश का पानी भरा रहता है। पानी के कारण जमीन दलदली हो जाती है। स्कूली बच्चों को खासी परेशानी होती है।



**मेन गेट का अभाव**

खेल मैदान में वर्षों से गेट नहीं लगा हैं । गेट के अभाव में लावारिस जानवर दिनभर यहां विचरण करते हैं। रात में असामाजिक तत्वों का डेरा लग जाता है। शराब पीने के बाद टूटे बोतल, डिस्पोजल, झिल्ली, पानी पाऊच, वैपर वहीं फेंक देते हैं। इससे सुबह खेलने आने वाले खिलाड़ी खेल के दौरान चोटिल होते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जालमपुर स्कूल का खेल मैदान देख-रेख के अभाव में उपयोगविहीन जा रहा है। जगह-जगह कटीली झाड़ियां उग आई हैं। उबड़-खाबड़ मैदान खेलने के लायक नहीं हैं। बाउंड्रीवाल जगह-जगह से टूट गए हैं। इस खेल मैदान में लगभग 6 वार्ड के खिलाड़ी रोज खेलने आते हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें चोटिल होना पड़ता है। इन सब स्थितियों को देखते हुए नगर निगम ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहमति एवं मंशानुरूप मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी। इसके लिए 5 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया। स्वीकृति मिलती, इससे पहले विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गई। चुनाव के बाद सरकार बदल गई। भाजपा के शासन आने से सभी प्रस्ताव अधर में लटक गया।

वार्ड पार्षद संजय डागौर, वार्डवासी रघु सिंदुर, पप्पू वर्मा, श्याम सोना, किसन हिरवानी, शैलेष सोना, जीवराखन सिन्हा आदि ने बताया कि जालमपुर स्कूल खेल मैदान वर्षों पुराना मैदान है। शहर के बीचोंबीच स्थित होने के कारा इसका अलग ही महत्व है। इस मैदान में जालमपुर, महंत घासीदास, साल्हेवारपारा, आमापारा, कोष्टापारा, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, नवागांव, मकेश्वर वार्ड, ब्राम्हणपारा आदि वार्ड के खिलाड़ी खेलने आते हैं। वर्षों से उपेक्षित इस खेल मैदान में सुविधाओं का अभाव है। मैदान समतलीकरण नहीं है। पीने का पानी नहीं है। दिन में आवारा मवेशियों का जमघट तो रात में असामाजिक तत्वों का डेरा लगता है। लाइट नहीं होने से खिलाड़ी शाम होते ही यहां से विदा हो जाते हैं। मैदान में साफ-सफाई के अभाव में कटीली झाड़ियां उग गई है। उबड़ खाबड़ जमीन खेलने लायक नहीं है।

ज्ञात हो कि शहर में खेल मैदान का अभाव है। एकलव्य खेल मेदान, मिशन मैदान, इंडोर स्टेडियम, पीजी कॉलेज मैदान डेढ़ लाख की आबादी वाले शहर के लिए पर्याप्त नहीं है। इस कारण जालमपुर स्कूल खेल मैदान को संवारने की जरूरत है। मिनी स्टेडियम बनने से इसकी तस्वीर बदल सकती है जिसके बाद यहां क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिंटन, व्हालीबाल, कुश्ती, दौड़ आदि खेल खेले जा सकते हैं।

## कैसे होगा डूब प्रभावितों का व्यवस्थापन आरक्षित जगहों पर हो रहे अवैध कब्जे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जोगीडीह और बागोडार सहित सलोनी गांव के कुछ क्षेत्र की जमीन को गंगरेल और दुधावा डूब प्रभावितों के व्यस्थापन के लिए आरक्षित किया गया है लेकिन इन दिनों इस क्षेत्रों में लगातार लोग अतिक्रमण कर घर और दुकान बना रहे है। चूंकि सर्वे और जांच के बाद व्यस्थापन की प्रक्रिया की जानी है। ऐसे में यदि प्रशासन अतिक्रमण को गंभीरता से नहीं लेता है तो प्रशासन की मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं।

डूब प्रभावित हरिशंकर मरकाम, आत्माराम, महराजी राम ध्रुव, पुष्कर सोरी, घनश्याम मरकाम, कृपा राम सिन्हा, सहदेव साहू, जयकुमार सेन, मूलक राम सिन्हा, कुंवर सिंग निषाद, प्रताप ध्रुव ने बताया कि सन् 1972 में पं.रविशंकर जलाशय परियोजना गंगरेल के लिए इलाके के 55 गांवों के करीब 9 हजार लोगों ने अपनी जमीनों की कुर्बानी दी। तब जाकर गंगरेल बांध का निर्माण हो पाया था। किसानों को सिंचाई सुविधा के साथ ही रायपुर और दुर्ग की प्यास बुझाने और भिलाई स्टील प्लांट को पानी मुहैया करवाने के लिए

**डूब प्रभावितों ने सुनाया दुखड़ा**

धमतरी में महानदी पर 32 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल बांध का निर्माण किया गया था। जब डैम का निर्माण हो रहा था, तब राज्य सरकार ने उनकी जमीन अधिग्रहण कर लिया था। इसके एवज में उन्हें बहुत ही कम मुआवजा दिया गया था। वहीं भूमि के बदले भूमि देने का लिखित आश्वासन भी दिया गया था,लेकिन सन् 1972 से अभी तक कई परिवार को विस्थापित नहीं किया जा सका है। इस बीच मात्र 180 लोगों को ही जमीन दी गई थी, जिसमें जोगीडीह गांव बसाया गया था। बचे हुए 8 हजार 520 परिवारों को कुछ नहीं मिला जो धमतरी, दुर्ग और कांकेर जिले के थे।

करीब 50 साल के लंबे संघर्ष के बाद गंगरेल बांध के डूब प्रभावितों को आखिरकार हाईकोर्ट से न्याय मिला। डूब प्रभावितों ने पुनः व्यस्थापन की मांग को लेकर लगातार जल सत्याग्रह, आमरण अनशन और धरना प्रदर्शन जैसे कई बड़े आंदोलन किए थे। इस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया था कि 3 महीने के भीतर समिति के सभी सदस्यों को जमीन प्राथमिकता के आधार पर दें।

## कोसरिया यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन पर निकली कलश यात्रा

■ समाज के प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज धमतरी राज ग्रामीण के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन आमदी स्थित मंडी प्रांगण में बलराम यादव शकरवारा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के पूर्व महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। ईष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई।

प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी एवं द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री छग थे। विशिष्ट अतिथि डॉ अजय यादव प्रांतीय कोसरिया यादव समाज, घुराऊराम यादव छाती पूर्व जिलाध्यक्ष, संरक्षक आशाराम यादव सारंगपुरी, मुरली यादव पोटियाहीह पूर्व सरपंच मुजगहन, मुकेश यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण, लीलाराम यादव कुरुद ब्लाक अध्यक्ष रामू रोहरा भाजपा प्रदेश मंत्री, हेमंत माला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, तेजराम साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, उमानंद कुंभकार सभापति, डॉ, सुरेश बनपेला पूर्व अध्यक्ष, कोमल यादव पार्षद, लेखेश्वरी साहू पार्षद, लक्ष्मी जितेन्द्र, पार्षद, कविता साहू, गजेन्द्र धनाराम साहू, व्यासनारायण निषाद, भीखम साहू, उषा देवांगन, माधव कुंवरसिंह यादव, रमेश यादव, भगतसिंह यादव, माधवराम यादव, फग्गूराम यादव, चितरेखा यादव कोसरिया यादव महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष थे। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र- छात्राओं एवं दूरदर्शन कलाकारों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देने प्रतिभागी भी सम्मानित हुए।

विशिष्ट अतिथि रामू रोहरा ने कोसरिया यादव समाज द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र को स्वीकार करते उसे पूरा कराने का आश्वासन दिया। अधिवेशन कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक विकास एवं आय-व्यय पर चर्चा की गई। कुरुद स्थित ग्राम राखी में 11 एवं 12 मई को आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सभापति रामलाल यादव ने आभार व्यक्त किया।

## संकुल समन्वयक, प्राचार्य और शिक्षकों ने की विहिप पदाधिकारियों से मुलाकात

स्कूली बच्चों में राष्ट्रवाद, देश प्रेम की भावना जागृत करने पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा लगातार जिले में सक्रियता के साथ समाज के सभी क्षेत्र में विभिन्न सकारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के कार्यों से प्रभावित होकर सभी वर्ग के लोग इससे जुड़ रहे हैं। वे समाज में बढ़ रहे अपराध, बुराइयां, नशे के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

इन्हीं संघर्षों से प्रभावित होकर जिले के स्कूल संकुल समन्वयक, प्राचार्य और शिक्षकों ने महाराणाप्रताप गार्डन में प्रांतीय पदाधिकारी मोहन साहू की उपस्थिति में विहिप जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला मंत्री रामचंद देवांगन से मुलाकात की और स्कूलों में संस्कार, भारतीय सभ्यता और संस्कृति के विषय में नैतिक शिक्षा प्रदान की जा सकती है, इस पर चर्चा की। इस दौरान जिले के सभी शिक्षक, प्राचार्य ने विश्व हिंदू परिषद के साथ मिलकर स्कूली बच्चों में राष्ट्रवाद, देश प्रेम एवं सभ्यता संस्कृति के विकास के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कही। प्रांतीय अधिकारी मोहन साहू ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है। बच्चों को राष्ट्र हित में जागरूक नागरिक बनाने का प्रयास करना चाहिए।

जिला संकुल समन्वयक अध्यक्ष लोकेश पांडे ने स्कूलों के माध्यम से बच्चों के मन में माता-पिता, गुरुजनों के प्रति प्रेम सम्मान और उदारता की भावना कैसे विकसित की जा सकती है, इस बारे में जानकारी दी। संदीप अग्रवाल, दीपक ठाकुर, रामचंद देवांगन ने शिक्षकों और संकुल समन्वयकों द्वारा स्कूलों में बच्चों के विकास के लिए किए जा रहे सकारात्मक कार्यों की प्रशंसा की। मौके पर जिला सह संयोजक डाकेश्वर साहू, प्राचार्य दयाशंकर सिन्हा, संकुल समन्वयक परशुराम प्रजापति, कुंदन धालेन, पवन देवांगन, दिनेश अग्रवाल, मुरारी राम साहू, दुष्यंत कश्यप, पुखराज साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक दुष्यंत कुमार साहू, सोहनलाल साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

## प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को




हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शहीद स्मारक भवन रायपुर में 12 मई को छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मंत्री, विधायक मोतीलाल साहू, महंत रामसुंदर दास दूधाधारी मठ, डॉ. महेशगिरी दिल्ली, महंत सच्चिदानंद गिरी दिल्ली और विरेंद्र अयोध्यापुरी गोस्वामी होंगे। पूजा- अर्चना के बाद शोभायात्रा निकलेगी। शंकराचार्य जी पर व्याख्यान, प्रतिभा सम्मान एवं युवा-युवती परिचय सम्मेलन होगा। प्रांतीय संरक्षक लील्लार पुरी, चित्रसेन गिरी, विरेंद्र अयोध्यापुरी, प्रांतीय अध्यक्ष प्रभाकर बन एवं जिला अध्यक्ष वेदपुरी ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### वाष्पीकरण कूलर से सब्जियां रहेंगी ताजी

**धमतरी।** केएल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत ग्राम लोहरसी के किसानों एवं ग्रामवासियों को शून्य ऊर्जा शीत कक्ष बनाकर दिखाया। बताया कि यह एक प्रकार का वाष्पीकरण कूलर है जो बिजली के बिना सब्जियों को ताजा रखने का सरल और सस्ता तरीका है। इसमें सतह से पानी के वाष्पीकरण से गर्मी दूर हो जाती है। इससे शीतलन का प्रभाव पैदा होता है। चतुर्थ वर्ष के ग्रुप ई द्वारा यह प्रदर्शन किया गया। ग्रुप लीडर योगेश पटेल तथा ग्रुप के सदस्य सुरभि वर्मा, त्रिभुवन गौर, विनोद साहू, विवेक चक्रधारी, यमन साहू, उमाशंकर, वर्षा, उज्वला, योगाकांत ने इसका क्रियान्वयन किया।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

कार्रवाई के डर से मालिक अपने मवेशियों को छुड़ाने नहीं आ रहे

# काऊ कैचर टीम ने अब तक पकड़े 100 लावारिस मवेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यातायात में बाधित लावारिस मवेशियों को काऊ कैचर टीम पिछले पखवाड़े भर से पकड़ रही है। अब कांजी हाउस में इसकी संख्या 100 से पार हो गई है। कांजी हाउस में बंद मवेशियों को पशुपालक छुड़ाने सामने नहीं आ रहे हैं। इस स्थिति में निगम प्रशासन सभी मवेशियों की देखरेख कर रहा है। प्रतिदिन चारे पानी की व्यवस्था निगम द्वारा हो रही है।

गौरतलब है कि निगम की काऊ कैचर टीम प्रतिदिन लावारिस मवेशियों को पकड़ रही है। अभियान चलाकर विभिन्न मार्गों में विचरण कर रहे मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस अर्जुनी में रखा जा रहा है। स्थिति यह है कि इनकी संख्या 100 से अधिक हो गई है। यही स्थिति रही तो कांजी हाउस में मवेशियों को रखने के लिए जगह कम पड़ जायेगी। मवेशियों को दिन में खुले स्थान में भी नहीं रखा जा सकता। टिन का शेड छोटा पड़ने लगा है। इसके अलावा सैकड़ों जानवरों के लिए चारे पानी की व्यवस्था करना मुश्किल हो जाएगा। कांजी हाउस में रखे कुछ मवेशी दुधारू भी हैं। उनके बछड़े भी हैं। फिर भी पशुपालक उसे छुड़ाने नहीं आ रहे हैं। मवेशियों की देखरेख के लिए निगम प्रशासन को कर्मचारियों की संख्या बढ़ानी पड़ रही है। चारे की कमी होने पर पास के गांवों से पैरा कुट्टी ट्रेक्टरों में भरकर लाया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411